>

Title: Regarding completion of construction of NH-24 in Uttar Pradesh-laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): हमारे लोक सभा क्षेत्र शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश में बरली से होते हुए शाहजहां पुर से सीतापुर नेशनल हाईवे एनएच-24 जो वर्ष 2010 से प्रारम्भ हुआ था पर कम्पनी द्वारा अभी तक बरेली से सीतापुर के मध्य का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है । हाइवे की स्थिति अत्यन्त खराब है । इस मार्ग पर आये दिन भयंकर दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिससे अभी तक सैंकड़ों लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं । जनपद शाहजहांपुर से हुलास नगला रेलवे क्रॉसिंग का ओवर ब्रिज निर्माणाधीन होने के कारण हर समय लम्बे जाम की स्थिति बनी रहती है ।

मैं अपनी सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस नेशनल हाइवे को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं इस पर ट्रामा सेन्टर बनवाये जाने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें ।